हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

04 कोटा से बीना मेमू ट्रेन का कोटा से छूटने के समय...



07 अशोकनगर में फिर से निर्भया मोबाईल की हो गई शुरुआत





## समाचार संक्षेप

### मार्डन चिल्ड्रन स्कूल में मनाया जाएगा गीता जयंती उत्सव

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा 1 दिसंबर सोमवार को प्रातः 10बजे मार्डन चिल्ड्रन स्कूल भार्गव कालोनी गुना में गीता जयंती के अवसर पर गीताजी के पन्द्रहवें अध्याय पुरुषोत्तम योग का संपूर्ण पाठ सामूहिक रुप से किया जायेगा इस अवसर पर ग्यारह सौ छात्र एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा यह पाठ किया जायेगा। संस्था की संचालक डाक्टर श्वेता अरोरा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गीताजी का सामूहिक पाठ करने में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है ।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल से मिले पूर्व जिलाध्यक्ष सिकरवार

**गुना।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का गुरुवार को राजगढ़ जिले के एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत नरसिंहगढ़ आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रथम नगर आगमन पर इतिहासिक स्वागत किया। तो वहीं राजगढ़ जिले के एस आई आर प्रभारी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार एवं भाजपा नेता विकास जैन नखराली ने नरसिंहगढ़ पहुंच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री खंडेलवाल से सौजन्य भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही उनसे संगठनात्मक चर्चा की। इस अवसर पर भोपाल संभाग प्रभारी एवं विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान, राजगढ़ सांसद रोडमल नागर, राजगढ़ जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पवार, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित, दिलाई संविधान की शपथ



**गुना।** संविधान दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से चित्र एवं वीडियो प्रदर्शित किये गये। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने संविधान दिवस के अवसर पर सभी नगर वासियों को बधाई दी एवं संविधान के कर्तव्य और अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए, जिससे हमारे अंदर देश प्रेम की भावना एवं अनुशासन बढ़ता है। हम सबको देश के संविधान के प्रति एवं उसमें निहित नियम और कानून में का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारी एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई । मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने स्वागत भाषण दिया तथा उपयंत्री सुनील कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी,ओमप्रकाश कुशवाह, ममता तौमर,बृजेश राठौर, एवं अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित हुए।

### शहर में श्री शिव महापुराण कथा 17 दिसंबर से

**गुना।** शहर में श्री शिव महापुराण कथा 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक कथा का आयोजन किया जाना है। जिसमें पांच दिवसीय पार्थिव शिवलिंग का भी निर्माण होगा। जिसमें आयोजक अग्रवाल समाज, संयोजक, अग्रवाल महिला मंडल के प्रावधान में यह आयोजन स्थानीय शुभ विदाई मैरिज गार्डन गायत्री मंदिर के सामने किया जा रहा है। बुधवार को अग्रवाल ट्रस्ट अग्रवाल महिला मंडल कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने महाराजा अग्रसेन जी के दरबार मे अग्रसेन नगर में भगवान गणेश मां सरस्वती कुलदेवी मां लक्ष्मी हनुमान जी महाराज और भगवान अग्रसेन जी के श्री चरणों में पीले अक्षत्र अर्पण कर आशीर्वाद लिया। एवं प्रथम निमंत्रण पत्रिका भेंट कर निमंत्रण दिया। शिवमहापुराण कथा में समस्त अग्रवाल बंधूओ का सहयोग प्राप्त हो रहा है और सभी से आशा है सभी अग्रवाल परिवारों से महिला शक्ति को सहयोग प्राप्त होगा ।

## खाद की अफरा-तफरी के बीच महिला किसान की मौत

बागेरी खाद वितरण केंद्र पर आदिवासी महिला की मृत्यु पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जताया गहरा दुख, तत्काल सहायता के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



बमोरी क्षेत्र के बागेरी खाद वितरण केंद्र पर दो दिनों से लाइन में खड़ी कुशेपुर गांव की आदिवासी महिला किसान भुरिया बाई की मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। बुधवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार ठंड, थकान और लगातार दो दिनों से लाइन में रहने के कारण उनकी स्थिति खराब हुई। मौत के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि महिला को उल्टी और शुगर बढ़ने के कारण गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। उन्होंने किसानों से अपील की कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं, कांग्रेस विधायक ऋषि अग्रवाल ने सिस्टम की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसान ठंड में लाइन में खड़े हैं, जबकि सरकार पर्याप्त खाद होने का दावा करती है। उन्होंने पूछा कि इस मौत की जिम्मेदारी कौन लेगा।घटना की जानकारी मिलते ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया और कलेक्टर तुरंत कुशेपुर गांव पहुंचे। सिसोदिया ने बताया कि महिला की मौत शुगर बढ़ने की वजह से हुई और परिवार को संबल योजना से 2 लाख रुपए व रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही खाद वितरण व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

### सिंधिया ने दिए तत्काल राहत के निर्देश

सिंधिया के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन द्वारा मृतक के परिवार हेतु 2,00,000 की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।इसके साथ ही रेडक्रॉस के माध्यम से 10,000 की अतिरिक्त सहायता तथा अंतिम संस्कार के लिए 5,000 की तत्काल राशि उपलब्ध कराई गई है।

### बीमार महिला को लाइन में खड़ा करने पर कार्रवाई के निर्देश

मृतका डायबिटीज से पीड़ित थीं, और खाद वितरण केंद्र पर लाइन में खड़े रहते हुए उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई।घटना को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने पूरी जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सिंधिया ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा है- एक बहन की आकस्मिक मृत्यु बेहद पीड़ादायक है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि परिवार को हर संभव सहयोग अविलंब उपलब्ध कराया जाए। भविष्य में ऐसी परिस्थितियाँ दोबारा उत्पन्न न हों, इसके लिए आवश्यक सुधार भी सुनिश्चित किए जाएंगे।

## 20 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

# 200 करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं गुना को समर्पित कर रहा हूं: सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को मुंद्रा हनुमान बमोरी विधानसभा क्षेत्र में केंद्रित 20 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। केन्द्रीय मंत्री ने मूडरा हनुमान (बमोरी) क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिनमें सबसे प्रमुख परियोजनाएं सड़क परियोजनाएं हैं। धाननखेड़ी–सबरामोदी, झागर–मूडरा हनुमान, बनेह–सबरामोदी, मोई -अनवादा, नयागांव-बरोदिया तथा पाटन बाईपास जैसी महत्वपूर्ण सड़कों का लोकार्पण किया गया, जिन पर कुल 10 करोड़ से अधिक की राशि व्यय हुई हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुगम होगा और हजारों लोगों को अधिक नागरिकों की दैनिक यात्रा में उल्लेखनीय सुधार आएगा। यह सड़कें इन हजारों लोगों की जीवन को सुगम बनाने, शहर से आवागमन को आसान करने और व्यापारी, बुजुर्ग, छात्र, महिलाओं सहित सभी को सहूलियत देने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाएंगी। इसी क्रम में 1.47 करोड़ लागत से तैयार कपसी, बमोरी के हाई स्कूल भवन का भी लोकार्पण किया गया, जो स्थानीय छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। सिंधिया ने कहा कि शिक्षा की यह अलख ही गुना के मेरे एक एक बच्चे को प्रतिस्पर्धी विश्व के लिए तैयार करेगी। अब बमोरी के बच्चों को उनके गांव में ही उच्चस्तरीय शिक्षा मिलेगी जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करेगी।

### चार नए सब-स्टेशनों से मजबूत होगी बिजली आपूर्ति

अपने संसदीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को मजबूती प्रदान करने के लिए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने चार 33/11 KVA सब-स्टेशनों का शिलान्यास किया। इनमें मुंद्रा हनुमान (3.08 करोड़), कालीभूत (2.89 करोड़), क्रोंद- आरोन (2.47 करोड़) और धनवाड़ी (2.34 करोड़) में स्थापित होने वाले सब-स्टेशन शामिल हैं। सिंधिया ने कहा कि इन सब-स्टेशनों से ग्रामीण इलाकों में वोल्टेज स्थिरता, कृषि कार्यों के लिए आवश्यक विद्युत आपूर्ति और घरेलू उपयोग हेतु निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी। इससे बमोरी, आरोन और आसपास के हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा तथा स्थानीय आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। सिंधिया ने कहा कि इन सबस्टेशनों से हाई वोल्टेज बिजली मिलेगी और निर्बाध सप्लाई से इस क्षेत्र के वर्ग को बड़ा फायदा होगा।

### जनसेवा का संकल्प, मेरा क्षेत्र नहीं मेरा परिवार है: सिंधिया

अपने संबोधन में सिंधिया ने गुना संसदीय क्षेत्र के साथ अपने गहरे भावनात्मक और मानवीय जुड़ाव को रेखांकित करते हुए कहा कि गुना केवल मेरा संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि मेरा परिवार है। यहाँ के हर नागरिक के जीवन में सुगमता और समृद्धि लाना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक विकास एवं प्रगति की नई अलख जगी है। आज हमारा राष्ट्र विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहा है, और गुना इस यात्रा का प्रगतिशील हिस्सा बने, यही मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज प्रारंभ की गई सभी परियोजनाएँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होंगी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में आने वाले वर्षों में गुना जिला क्षेत्रीय विकास का प्रेरक मॉडल बनेगा। सिंधिया ने अंत में कहा कि उनका संकल्प केवल निर्माण कार्यों का उद्घाटन भर नहीं, बल्कि विकास, जनसेवा और कल्याण को जनता के जीवन में वास्तविक परिवर्तन के रूप में पहुंचाना है।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, जनपद अध्यक्ष गायत्री भील आदि रहे मौजूद।

## गुना जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति, उर्वरक की कोई कमी नहीं

**गुना।** उप संचालक कृषि संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले को लगातार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। किसी भी प्रकार की उर्वरक की कोई कमी नहीं है एवं आगे भी इसी तरह यूरिया उर्वरक जिले को प्राप्त होते रहेंगे। उन्होंने किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा किसान भाई अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में लगातार यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही यूरिया शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए पर उर्वरक का क्रय करें व उर्वरकों का अनावश्यक रूप से भंडारण न करें तथा समय समय पर आवश्यकता अनुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आज डबल लॉक केन्द्र गुना में पुरूष हेतु 2 काउंटरो के माध्यम से एवं महिला हेतु 1 नवीन कांउटर से यूरिया खाद वितरित किया गया हैं ।

## एक दूसरे के पूरक हैं अधिकार और कर्तव्यः अंलकार वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



अधिकार और कर्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं, जहां एक का अधिकार होता है वहां दूसरे का कर्त्तव्य होता है। उक्त बात ग्राहक पञ्चायत के मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ ने क्रान्तिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ग्राहक पञ्चायत संविधान की मूल भावना के अनुरूप व्यवस्था में सुधार के लिए एक आंदोलन है और ग्राहक पञ्चायत ग्राहकों को जागरुक कर शोषण मुक्त समाज की रचना के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगण ने मां सरस्वती का पूजन और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंचासीन अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात संविधान की विशेषताओं का वर्णन और प्रस्तावना का वाचन किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*


शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में मात्र 2 दिन में हुई कार्रवाई

# वर्षों से लापता किशोरियों की सुरक्षित घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विभिन्न प्रकरणों में अपहृत अथवा गुम नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तकयाबी हेतु दिनांक 01 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक प्रदेश में "विशेष ऑपरेशन मुस्कान" अभियान संचालित किया जा रहा है । गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा अभियान के तहत जिले में अपहृत नाबालिग बालक/बालिकाओं की शत प्रतिशत दस्तसयाबी हेतु सतत और प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में तत्परता से कार्यवाही कर मात्र दो दिनों में ही अपहृता को सुरक्षित





तलाश कर परिवार से मिला दिया है ।दिनांक 24 नवम्बर 2025 को एक पिता की ओर से अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की बजरंगगढ़ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर से पुलिस ने बजरंगगढ़ थाने पर अपराध क्रमांक 148/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम कर किशोरी की तलाश शुरू की गई । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा नाबालिग लड़की के अपहरण की उक्त घटना को गंभीरता से लेकर अपर्हता को सुरक्षित दस्तयाब करने एवं अपहर्ता आरोपी की पतारसी हेतु बजरंगगढ थाना प्रभारी को निर्देश प्रदान किये गये। निर्देशानुसार थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार अपनी टीम के साथ अपर्हता की तलाश में सक्रियता से जुट गए ।इस हेतु अपने मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए अपहृता के संबंध में सतत सूचना संकलन और विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर पुलिस द्वारा संभावित स्थान गुना, झागर, उकावदकला, बनेह, परवाह आदि स्थानों पर सघन तलाश की गई, लेकिन इन जगहों पर कोई सफलता नहीं मिली।


## समाचार संक्षेप

### आरोन करणी सेना का ब्राह्मण समाज के लिए समर्थन



**आरोन।** करणी सेना ने मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहन–बेटियों के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए ब्राह्मण समाज के समर्थन में अपनी मजबूत एकजुटता दिखाई है। श्री दास हनुमान मंदिर चौराहा पर करणी सेना एवं सर्व ब्राह्मण समाज समिति के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। शांति एवं अनुशासन के साथ रैली निकालते हुए सभी लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहाँ संतोष वर्मा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। आरोन करणी सेना ने कहा कि किसी भी समाज की माताओं-बहनों के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाजों के बीच सौहार्द बनाए रखने के लिए ऐसे बयानों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई होना आवश्यक है।कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तीखा किया जाएगा।

### अजाक्स अध्यक्ष के विवादित बयान पर चाचौड़ा-बीनागंज ब्राह्मण समाज में आक्रोश



**चाचौड़ा।** अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन के दौरान आईएएस अधिकारी एवं अजाक्स अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में चाचौड़ा–बीनागंज क्षेत्र के सर्व ब्राह्मण समाज में तीव्र आक्रोश देखा गया। समाजजन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा के माध्यम से सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अधिवेशन में श्री संतोष वर्मा ने आरक्षण को लेकर कहा कि "जब तक ब्राह्मण अपनी बेटी दान न करें तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।"यह भी कहा गया कि—"जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे या उससे संबंध न बनाए, तब तक हमें सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण की पात्रता मिलनी चाहिए।"इन कथनों ने समाज में रोष पैदा कर दिया है। ब्राह्मण समाज ने बयान को "अशोभनीय, असंवैधानिक और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला" बताया है। समाजजन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि—"ऐसे गैर–जिम्मेदार एवं पद की गरिमा के विरुद्ध बयान देने वाले अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कानूनी एवं विभागीय कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके।"ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश कुमार श्रोत्रिय, हृदेश शर्मा, ओमबली शर्मा, गोलू पुजारी, विवेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, हलीम खान, हामिद खान सहित अनेक ब्राह्मण समाजजन उपस्थित रहे। समाज की मांग है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेकर शीघ्र उचित निर्णय करे।

### विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक कोटा को पत्र लिखा

# कोटा से बीना मेमू ट्रेन का कोटा से छूटने के समय को बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक कोटा को पत्र लिखकर कोटा से बीना मेमू ट्रेन क्रमांक 61633 का कोटा से छूटने का समय बदलने की मांग की है। विजय कुमार जैन ने पत्र में उल्लेख किया है गत दिनांक 31 अक्टूबर 25 को भोपाल में भोपाल मंडल के माननीय सांसदों की बैठक आयोजित की गई थी।

उक्त बैठक में मुझे सांसद प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित होने का अवसर मिला था। बैठक प्रस्ताव देकर मांग की गई थी कि मेमू ट्रेन का कोटा से छूटने का समय शाम 5.15 बजे किया जाये। बैठक में उक्त प्रस्ताव के संबंध में जानकारी दी गई थी इस समय कोटा रेल स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली नहीं होने से मेमू ट्रेन का समय बदलना संभव नहीं है। विजय कुमार जैन ने लिखे पत्र में उल्लेख किया है कोरोना काल से पूर्व पैसेंजर ट्रेन कोटा जंक्शन से शाम 5:15 बजे बीना के लिये छूटती थी। आपने लिखा है इसी समय पर मेमू ट्रेन को चलाया जाये ।मेमू ट्रेन का समय बदलने से कोटा से इस ओर इलाज करा कर लौटने वाले मरीजों, व्यापारियों, कोटा में कोचिंग कर रहे छात्र-छात्राओं को आने में सुविधा होगी। साथ ही समय बदलने से इंदौर से कोटा इंटरसिटी ट्रेन के उतरने वाले यात्रियों को गुना शाढ़ौरा, अशोकनगर, पिपरई, मुंगावली यात्रा करने के लिए कनेक्टिविटी मिल जाएगी। विजय कुमार जैन ने कलेक्टर गुना किशोर कुमार कन्याल को पत्र लिखकर अनुरोध किया है रुठियाई रेल स्टेशन के समीप रेल फाटक क्रमांक 71 पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु लोक निर्माण विभाग में संरेखण कार्य की रिपोर्ट लंबित है। उक्त कार्य लोक निर्माण विभाग से करने के आदेश देने का कष्ट करें। आपने उल्लेख किया है उक्त रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य 1 वर्ष पूर्व स्वीकृत हो गया है। मगर लोक निर्माण विभाग में लंबित होने से कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। आपने दोनों पत्रों की प्रतिलिपि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, पंकज त्यागी मंडल रेल प्रबंधक भोपाल को भेजी है।



### संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**आरोन।** शासकीय महाविद्यालय आरोन में दिनांक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ए.के. मुदगल के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक महाविद्या उपाध्याय ने भारतीय संविधान प्रस्तावना का वाचन किया। इसके उपरांत वाणिज्य विषय के प्राध्यापक डॉ वी.एस. मीना ने भारतीय संविधान विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। पूजा शर्मा सहा.प्रा. हिन्दी ने संविधान की मूल अवधारणा पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रदीप जाटव ने समाजवाद एवं पंथनिरपेक्ष पर अपने विचार प्रस्तुत किए। रामकुमार भार्गव ने ''विश्व बंधुत्व भाईचारा हमारे संविधान की ही देन है'' इस पर अपनी बात रखी। डॉ. सोनल दीक्षित ने संवैधानिक अधिकार पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही छात्रा प्राप्ति विश्वकर्मा, सिद्धिका शर्मा, शिवराज अहिरवार ने भी संविधान पर अपनी बात रखी।

### एक युवक का शव सड़क पर रखकर परिजनों और ग्रामीणों ने चक्का जाम

**मक्सूदनगढ़।** नगर के गुना रोड ब्रिज के पास मंगलवार सुबह उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब एक युवक का शव सड़क पर रखकर परिजनों और ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। जाम के कारण ब्रिज के ऊपर और दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं तथा आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।मामले के अनुसार मक्सूदनगढ़ थाना क्षेत्र के मोहरी गांव के जंगलों में राहुल भील निवासी गोरियापुरा, थाना लटेरी जिला विदिशा का शव मिला है। मृतक बीते दिनों मोहरी गांव अपनी मौसी के यहां आया हुआ था। शव मिलने के बाद परिजनों ने आशंका जताई है कि राहुल की हत्या की गई है। इसी शक और आक्रोश के चलते परिजन शव को गुना रोड ब्रिज के पास लाकर सड़क पर बैठ गए और चक्का जाम शुरू कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन करीब दो घंटे बाद चक्का जाम हटाने के लिए तैयार हुए, जिसके बाद आवागमन पुनः शुरू हो सका।मामले की जांच पुलिस द्वारा की जारी है।



## हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग में संविधान दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

हिन्दूपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़, गुना में आज संविधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन और डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई।कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान प्रवक्ता डॉ पूजा भाटी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. फौजिया बानो रहीं जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना, मूल भावना तथा नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अक्षय कुमार सिंह ने भी संविधान दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये।कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. ज्योति सिंह सेंगर द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त अतिथियों शिक्षक-शिक्षिकाओं शिक्षणेतर कर्मचारियों तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रो. गणेश शुक्ला, प्रो. पूजा मिश्रा, प्रो. रश्मि जैन तथा विद्यालय के समस्त शिक्षण तथा शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (बी. ए. प्रथम वर्ष) संजना साहू, द्वितीय स्थान शिफा मंसूरी (बी.ए.बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) तथा ज्योति लोधा (बी.ए.बी.एड. प्रथम सेमेस्टर), कृष्णांजलि (बी.ए.बी.एड. तृतीय सेमेस्टर) ने क्रमशः तृतीय स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम अनुशासित, प्रभावी और सफल रहा।




### गाय की रोटी एकत्रित करने का अभियान शुरू

**राघौगढ़।** गुरुवार को जयवर्धन सिंह विधायक राघौगढ़ द्वारा नगर पालिका परिषद राघौगढ़- विजयपुर द्वारा नवाचार करते हुए गाय की रोटी एवं पूजा के फूल एकत्रित करने हेतु घर-घर वाहन चलाएं जाने को हरी झंडी देकर शुभारंभ किया गया। जिस में गाय की रोटी को गौशाला में गौ माता के लिए पहुंचाया जाएगा एवं पूजा के फूल को स्वयं सहायता समूह को प्रदान किया जाएगा जिससे विभिन्न सामग्री धूपबत्ती, अगरबत्ती आदि बना पाएंगे एवं रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। सभी नागरिकों से अपील की गई को इस नवाचार में अपना योगदान देते हुए अपने घरों से गाय की रोटी एवं पूजा के फूल सहयोग आपके घर के पास आने वाली गाड़ी में डालें। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष रामस्वरुप मीणा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव , स्वच्छता निरीक्षक कीर्ति सिंह चौहान, पार्षदगण , नगर पालिका स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।




## सनातन धर्म मंडल में चल रहे निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

सनातन धर्मशाला मण्डल ट्रस्ट आरोन वार्ड क्रमांक 12 दास हनुमान मंदिर के सामने तलघर बेसमेंट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी सूचना मिलते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी नगर परिषद आरोन एवं उपयंत्री दीपक किरार एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मौका निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य बंद करने संबंधी निर्देशि कर निर्माण कार्य बंद करने एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया है जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया कि मुझे एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर सनातन धर्मशाला मण्डल ट्रस्ट आरोन वार्ड क्रमांक 12 दास हनुमान मंदिर के सामने तलघर बेसमेंट का निर्माण कार्य किया जा रहा है कि जानकारी लगी तो मेरे द्वारा एव उपयंत्री दीपक किरार एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मौका निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य बंद करने संबंधी निर्देशि कर निर्माण कार्य बंद करने एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना पत्र जारी किया गया है।



## परशुराम स्वाभिमान सेना ने ज्ञापन सौंप विरोध जताया, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अजाक्स संगठन के नवनिर्वाचित प्रातांध्यक्ष आई.ए.एस. अधिकारी संतोष वर्मा उपसचिव कृषि के पिछले दिनों भोपाल में दिए गए एक बयान से ब्राह्मण समाज में आक्रोश है, गुरुवार को परशुराम स्वाभिमान सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई।

परशुराम स्वाभिमान सेवा के जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि 23 नबंवर को भोपाल स्थित अम्बेडकर मैदान में आईएएस वर्मा द्वारा सवर्ण वर्ग की बेटियों के बारे में दिये गये अत्यन्त आपत्तिजनक बयान के कारण उनके विरूद्ध आई.ए.एस. आचरण नियमों के तहत कार्यवाही करने एवं उन्हें अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रातांध्यक्ष पद से हटने हेतु निर्देशित करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। राहुल शर्मा ने बताया कि भोपाल में तुलसी नगर स्थित अम्बेडकर मैदान में अजाक्स कर्मचारी संगठन का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ था। उक्त अधिवेशन में जे.एन. कंसोटिया के स्थान पर संतोष वर्मा, आई.ए.एस. उपसचिव, कृषि को नया प्रातांध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। निर्वाचन के उपरान्त संतोष वर्मा द्वारा अपने भाषण में सवर्ण समाज की बेटियों के बारे में अत्यन्त आपत्तिजनक निन्दनीय एवं असंसदीय टिप्पणी की गई। संतोष वर्मा के उक्त आपत्तिजनक बयान से मध्यप्रदेश के समस्त सवर्ण कर्मचारियों, अधिकारियों एवं सवर्ण समाज की भावनायें आहत हुई है। ज्ञापन में संतोष वर्मा के विरूद्ध आई.ए.एस.आचरण नियमों के तहत कार्यवाही करने की मांग की गई है।



## तिगरी नाले पर जल संचय के अंतर्गत बोरी बंधान किया




**अशोकनगर।** जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महू आलमपुर एवं फतेहपुर के सदस्यों के सहयोग से तिगरी नाला पर जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान किया गया। बोरी बंधान का कार्य विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जन संरक्षण की महत्वता के बारे में बताया एवं परामर्शदाता बलवीर यादव के मार्गदर्शन में किया गया।

## 4 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी
## भगवानपुर और नरसूखेडी स्कूलों के निरीक्षण के दौरान शालाएं मिली बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

पिछली 25 नबंवर को कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा ईसागढ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम भगवानपुर और नरसूखेडी में संचालित शासकीय शालाओं का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान भगवानपुर और नरसूखेडी शालाएं बंद पाई गईं जिसे लेकर में 2-2 शिक्षकों को अनुपस्थित होने पर कलेक्टर द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर के प्राथमिक शिक्षक महेश कुमार शर्मा, कल्याण सिंह चंदेल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय नरसूखेडी के प्राथमिक शिक्षक राजकुमार लोधी एवं पवन शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 25 नवम्बर को विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले विद्यालयों शासकीय प्राथमिक विद्यालय नरसूखेडी एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद पाये जाने एवं अनुपस्थित पाये जाने पर, विद्यालय नियमित रूप से संचालित नही करने एवं शैक्षणिक कार्य में कोई रूचि नहीं लेने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### ईसागढ बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विकासखण्ड ईसागढ़ राजकुमार रघुवंशी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 25 नवम्बर को विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले विद्यालयों शासकीय प्राथमिक विद्यालय नरसूखेडी एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालय बंद पाये गये थे, जो कि अत्यंत खेदजनक है। उक्त से यह स्पष्ट है कि आपके द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत आने बाले विद्यालयों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है एवं न ही समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है।

### छात्र-छात्राएं और पुलिस बल हुआ शामिल

## मुस्कान अभियान के अंतर्गत शहर में रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

मुस्कान अभियान के अंतर्गत गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में तारा सदन स्कूल, अशोकनगर से "मुस्कान रैली" का आयोजन किया गया, जो एचडीएफसी तिराहा, दुबे लॉज होते हुए संजय स्टेडियम पर समाप्त हुई।

संजय स्टेडियम में पुलिस अधिकारियों,कर्मचारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने बालक,बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें गुड टच-बैड टच, बाल शोषण की रोकथाम, मानव तस्करी से बचाव, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट तथा बाल अधिकारों के संबंध में सरल एवं प्रभावी तरीके से जागरूक किया। बच्चों को यह भरोसा दिलाया गया कि किसी भी प्रकार की घटना, उत्पीड़न या खतरे की स्थिति में पुलिस सदैव उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी, निरीक्षक हुकुम सिंह मीना, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक बृजमोहन रावत, निरीक्षक रितु चैहान, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, पीटीआई शशिकांत भार्गव सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं तारा सदन स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिवपुरी पब्लिक स्कूल के 700 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।






### एसआईआर को लेकर कुरायला में समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** चंदेरी विधानसभा के मंडल नईसराय में एस आई आर को लेकर समीक्षा बैठक कुरायला मे शाम के 5 बजे रखी गई जिसे प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजे गए दिलबर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष राजगढ़ ने लिया जिसमें सभी शक्ति केन्द्रो के प्रभारी ने अपनी अपनी समीक्षाएं दी। बैठक में चंदेरी विधानसभा के प्रभारी अनिल रघुवंशी एस आई आर के जिला प्रभारी वीरेंद्र यादव सुनील महिदपुर कृष्ण गोपाल पालीवाल जी नई सराय के मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी सींगाखेडी सुनील रघुवंशी देरखा मुनेश घटावदा अपेश महिदपुर राकेश अजलेश्वर चंद्रभान सिंह महिदपुर पहलवान कुशवाह मोनू किरोंदा रणवीर सिह सींगाखेडी रविन्द्र रघुवंशी भौरा मंगेश अमरोद आदि ने बैठक मे सहभागिता की।

## चंदेरी उत्सव को लेकर कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा और दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अशोकनगर जिले की पर्यटन नगरी के नाम से विख्यात चंदेरी में 28 नवम्बर को आयोजित होने वाले चंदेरी उत्सव आयोजन हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने चंदेरी उत्सव के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री वर्चुअल रूप से सहभागिता करेगें। इस दौरान आवश्यक तैयारियों के संबंध संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चंदेरी उत्सव कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चंदेरी टेंट सिटी में की जा रही तैयारियां का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वीआईपी मूवमेंट ,क्राफ्ट विलेज, फैशन शो, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## जल संचय अभियान तहत किया बोरी बंधान

**ईसागढ़।** गुरूवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति भरोंली और बमनावर में जल संचय अभियान तहत बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त बोरी बंधान कार्यक्रम में श्रमदान कर मिट्टी खोदकर बोरी में भरकर बंधान किया और ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी और प्रेरित किया इस दौरान समिति अध्यक्ष पन्नालाल आदिवासी, सचिव दिनेश कुमार सेन, मेंटर्स नारायण दास बैरागी, प्रस्फुटन समिति सचिव दशरथ सिंह रघुवंशी, आस्था रघुवंशी, एमएसडब्ल्यू छात्रा ममता चिड़ार, नीतू ओझा समाजसेवी, ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान बैठक आयोजित कर गतिविधि पर चर्चा की और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विभिन्न जानकारी दी उद्देश्य के बारे में बताया एवं बोरी बंधान के महत्व को समझाया।



## मुस्कान अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरई

संदीपनि विद्यालय पिपरई के सभी छात्र-छात्राओं एवं पुलिस बल के साथ निकाली गई जिसमें नाबालिग बालक बालिकाओं की सुरक्षा संरक्षण एवं जागरूकता को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नाबालिग बालक बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी ओर छात्रों को विभिन्न अपराधों की जानकारी ओर अपराधों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। प्रारंभिक अवस्था से बालिका व महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा आधुनिक तकनीकी के गलत उपयोग से उत्पन्न हो रहे दुष्परिणामों के सम्बन्ध में जागरूक करना भी अभियान का हिस्सा हे। थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने रेली के दौरान बीएनएस की धारा संबधी पॉक्सो एक्ट किशोर न्याय अधिनियम बालश्रम एवं बाल विवाह प्रतिबंध सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह लालू यादव ने कहा कि पुलिस द्वारा जो मुस्कान अभियान चलाया जा रहा हे जिसमें नाबालिग बच्चे बच्चियों को दस्तयाब कर पुलिस उनके परिवार को सौंपती है। काफी सराहनीय पहल है आप हमेशा जागरूक रहें। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राएं और गणमान्य जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जिलेभर में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज, पड़ताल हुई आरंभ

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी यशपाल सिंह राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगराम और वर्षा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा कला निवासी उपासना लाधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरोंदा निवासी प्रीतम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखवीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### छात्र-छात्राओं ने शाढ़ौरा में जागरुकता रैली निकाल कर दिया संदेश



**शाढ़ौरा।** छात्र छात्राओं ने शाढ़ौरा में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्रों ने विभिन्न नारों के माध्यम से नागरिकों को बाल सुरक्षा, जागरूकता और बच्चों के चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनाए रखने के संदेश दिए।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और हर बच्चे के सुरक्षित एवं खुशहाल वातावरण पर ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुनील सिकरवार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के डायरेक्टर बृजकिशोरशर्मा ,असिस्टेंट डायरेक्टर हिमांशु उपाध्याय, प्राचार्य अजय शर्मा, एएसआई मनीराम जाटव, एएसआई गजराज सिंह, प्र.आरक्षक विजय सिंह एवं प्र. आरक्षक जय सिंह, तथा आरक्षक प्रशांत खटीक और उमेश खटीक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने छात्रों के उत्साह की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को समाजहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### लायंस हेल्पिंग हैंड की मासिक बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** गुरूवार को लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के अपने अपने सुझाव दिए और आने वाले सप्ताह एवं महीने में लिए किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूप रेखा तैयार की। बैठक में प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई एवं सदस्यों द्वारा सुझाव भी दिए गए। संयोजकों ने स्वेच्छा से कार्यक्रमों में योगदान के लिए नाम भी लिखवाए।

---

### देश में पहला स्थान, भारत निर्वाचन आयोग ने सराहना की

# देश में अशोकनगर एसआईआर के डिजिटाईजेशन में 100% कार्य पूर्ण


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पूरे भारत में अशोकनगर एसआईआर के डिजिटाईजेशन में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद अशोकनगर जिले ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। इस कार्य को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह की सराहना की है। यह एसआईआर का कार्य 12 राज्यों में चल रहा था।



आदित्य सिंह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश में तीनों विधान सभाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों/बीएलओ सुपरवाईजर/बीएलओ को दिये गये निर्देश एवं गूगल मीट तथा वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई समीक्षा एवं निर्देशन के आधार पर तीनों विधानसभाओं में डिजिटाईजेशन का कार्य आज 27 नबंवर तक 100 प्रतिशत पूर्ण करने में सफलता अर्जित की है। जो देश में प्रथम स्थान पर है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य का कार्यक्रम दिनांक 04.11.2025 को जारी कर दिनांक 04.12.2025 तक मतदाताओं के डिजिटाईजेशन करने हेतु निर्देशित किया गया। अशोकनगर जिले में कुल मतदाता 645478 है, जिनमें से विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर (अजा) 223410, विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी 202236 तथा विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली- 219832 मतदाता है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा आदित्य सिंह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बधाई दी गई है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।




**मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही पाए जाने पर बीएलओं सुपरवाइजर पर निलंबन की कार्यवाही** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने बीएलओ सुपरवाइजर और शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर के सहायक प्राध्यापक विजय सिंह पर निलंबर की कार्यवाही की है। समीक्षा के दौरान डिजिटाइजेशन का कार्य अपेक्षा से काफी धीमा पाया गया था।

जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेश के अनुसार, विजय सिंह को विधानसभा अशोकनगर क्षेत्र में बीएलओ सुपरवाइज़र की जिम्मेदारी दी गई थी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवंबर से एसआईआर का डिजिटाइजेशन कार्य बीएलओ स्तर पर चल रहा है, जिसका पर्यवेक्षण उन्हें करना था।

**कई मतदान केंद्रों पर कार्य की गति बहुत धीमी** 25 नवंबर की समीक्षा में पाया गया कि उनके क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, मतदान केंद्र क्रमांक 96 पर केवल 62 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 95 पर 74 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 97 पर 76 प्रतिशत और केंद्र क्रमांक 139 पर 76.09 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य ही पूरा हो सका था। यह प्रगति अन्य सुपरवाइज़रों की तुलना में काफी कम पाई गई।

**कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं मिला** जिला निर्वाचन अधिकारी ने 26 नवंबर को कारण-बताओ सूचना पत्र जारी कर विजय सिंह से स्पष्टीकरण मांगा था। तय समय में कोई जवाब नहीं दिया गया, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता माना गया।

---

### पुलिस करेगी महिलाओं की सुरक्षा

## अशोकनगर में फिर से निर्भया मोबाईल की हो गई शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला अशोकनगर अंतर्गत महिला अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं सुरक्षा हेतु फिर से निर्भया पुलिस मोबाईल की शुरूआत की गई है। निर्भया पुलिस मोबाईल का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर से कार्यक्रम को फ्लैग ऑफ कर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, रक्षित निरीक्षक अशोकनगर शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान, निरी. नरेन्द्र त्रिपाठी, निरी. हुकुम सिंह मीना, निरी. रितु चैहान सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**निर्भया मोबाईल के मुख्य उद्देश्य** 1.स्कूल एवं कॉलेज, कोचिंग सेंटर इत्यादि संवेदनशील स्थानों पर निर्भया पुलिस मोबाईल सतत पेट्रोलिंग कर सुरक्षा का भाव स्थापित करेगी।

2.महिला संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही।

3.शहर में रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 05.00 बजे तक अकेली महिलाओं/बालिकाओं" की जानकारी प्राप्त होने पर उसके घर तक पहुंचाने का कार्य निर्भया मोबाईल द्वारा किया जाएगा, जिस हेतु रात्रि में भी महिला कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है।

4 अकेली महिला/बालिका पुलिस कंट्रोल रूम (संपर्क नं0 7587619200) पर सूचना देकर उपरोक्त सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

5 निर्भया मोबाईल में एक उप निरीक्षक, 02 महिला आरक्षक एवं 02 पुरूष आरक्षक का बल उपरोक्त डियूटी के प्रभावी निष्पादन हेतु लगाया गया है, जिसका समन्वय महिला सुरक्षा शाखा अशोकनगर द्वारा किया जावेगा।

---

### अनुपस्थित 04 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी का निरीक्षण किया, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 04 कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नही पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।जारी आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी के 04 कर्मचारी रजत शर्मा सिक्योरिटी सुपरवाइजर, राकेश कुमार जैन सहायक ग्रेड-03, गौरव माथुर आईसी बीईई, प्रतीक घोष इंचार्ज स्टोर को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि गुरूवार को जब निरीक्षण किया गया तब उपस्थित पंजी पर हस्ताक्षर होना नहीं पाए गए न ही आप कर्तव्य स्थल पर उपस्थित पाए गए।



**अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया** कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को चंदेरी पहुंचकर सिविल अस्पताल चंदेरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि वार्डों में कमियां है उन्हें यथाशीघ्र दुरुस्त किया जाए। सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल में आने वाले मरीजों को आवश्यक व्यवस्थाएं रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए की बीएमओ कार्यालय में अनुपस्थिति लगाए जाने हेतु बायोमेट्रिक मशीन स्थापित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न वार्डों में डॉक्टर समय पर उपस्थित रहे। जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों का डॉक्टर सेवाभाव के साथ उपचार करें। जिससे मरीज समय पर स्वास्थ्य लाभ लेकर पूर्ण स्वस्थ होकर अपने गंतव्य की ओर जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर सिविल अस्पताल के एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को एक्सरे की सुविधा मिल सके,इस हेतु एक्सरे मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

---

गांव में किसी ने कॉलेज का मुंह तक नहीं देखा

## एक गांव ऐसा भी: बर्री ग्राम पंचायत में आदिवासी समुदाय के दो जुड़वा गांव, जहां नहीं कोई स्नातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर तहसील से महज दो किलोमीटर दूर आदिवासी समुदाय के दो गांव हैं। खोपरा चक्क और सोपरा चक्क। दोनों गांवों में कुछ इस तरह का पिछड़ापन है कि पक्के मकान न दिखाई दें तो लगता है 50 60 के दशक में आ पहुंचे हों। मुख्य सड़क से एक किलोमीटर के बाद बसी इस बस्ती तक कोई पक्की या कच्ची सड़क नहीं है। गांव के जब किसी महिला को प्रसव वेदना हो तो उसे पैदल ही मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। गांवों के अंदर केवल दो सड़कें हैं। एक करीब पच्चीस वर्ष पहले पत्थरों से बनाई गई थी, एक सड़क सीसी खड़ंजा के तौर पर दस वर्ष पहले बनाई गई है। पेयजल के तौर पर पांच हैंडपंप हैं, जिनमें से एक हैंडपंप चालू स्थिति में है लेकिन वह दोनों बस्तियों से दूर एक खदान में लगा हुआ है। गांव के स्कूल के पास एक हैंडपंप भी पानी देता है, लेकिन इस हैंडपंप से दिन भर में कोई एक बर्तन ही भरा जा सकता है। एक बोर में सबमर्सिबल पंप डलवाया गया था, जो खराब हुआ तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सही नहीं कराया गया। अंततः ग्रामीणों ने 2600 रुपए का चंदा कर इसे सही कराया है लेकिन अब तक इसे बोर में नहीं डाला जा सका। क्योंकि मजदूरी का सीजन होने से कोई गांव में रुक नहीं रहा।



### डेढ़ सौ आवास बने, तलाई एक भी नहीं हुई

गांव में सबसे बड़ा संकट पानी का है। पठार होने से पानी जमीन के अंदर ही सूख जाता है। यहां करीब डेढ़ सौ आवास बने हुए हैं। दो दर्जन से ज्यादा खंडहर स्थिति में आ पहुंचे क्योंकि पानी नहीं होने से इनकी तलाई नहीं हो सकी। एक निर्माणाधीन आवास के पास करीब दस कैन पानी से भरी हुई रखी थी। काम कर रहे कारीगर ने बताया कि हम काम करने आने से दो घंटे पहले पानी की व्यवस्था करने के लिए फोन कर देते हैं ताकि गारा बनाया जा सके। तलाई होना तो संभव ही नहीं है, इसलिए आवासों की हालत खस्ता है।

### बीस साल से चल रहा प्राइमरी स्कूल, कोई भी विद्यार्थी कॉलेज तक नहीं पहुंचा

खोपरा चक्क और सोपरा चक्क के बीचोंबीच शासकीय प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है। यह विद्यालय यहां पिछले बीस वर्ष से संचालित है। किंतु पढ़ाई की स्थिति यह है कि दोनों गांवों में एक भी व्यक्ति ने कभी भी हाई स्कूल नहीं देखा। यहां पढ़ने वाले बच्चे हद से हद माध्यमिक विद्यालय तक पढ़ाई कर पाते हैं। इसकी एक वजह आदिवासी समुदाय में पढ़ने के लिए लालसा न होना भी है। शिक्षा का प्रसार न होने के कारण यहां के लोग अपने अधिकारों को नहीं जानते।

### जन मन योजना तक बनाई जाएगी सड़क, सर्वे हुआ

ग्राम पंचायत सचिव ओमकार सिंह बागड़ी कहते हैं कि गांव में पानी की समस्या तो है। क्योंकि यहां की जमीन में ही पानी नहीं है। वहां कहते हैं कि नल जल योजना की सूची में भी इन गांवों का नाम नहीं है। हां, सड़क जरूर प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत स्वीकृत हो चुकी है, जिसका हाल ही में सर्वे हुआ है। वहीं खोपरा के महेश पाल बताते हैं कि सड़क का सर्वे पहले खोपरा गांव से हुआ था, बाद में सोपरा की पठार से चूना डाला गया। जबकि यहां से सही कनेक्टिविटी नहीं है। गांव की अन्य समस्या को लेकर पंचायत सचिव ने कहा कि वह अभी एसआईआर सर्वे में व्यस्त हैं, चार दिसंबर के बाद गांव में पहुंचकर सुधार कराएंगे।

जिम्मेदारों की दलील इन दोनों आदिवासी गांवों में पेयजल संकट पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के उपयंत्री रोहित त्यागी बताते हैं कि करीबन पंद्रह दिन पहले ही सभी हैंडपंप चेक कराए थे। एक खदान वाले हैंडपंप की स्थिति अच्छी थी। वह बताते हैं कि इन दोनों गांवों में जल निगम राजघाट जलप्रदाय योजना से पानी पहुंचाएगा। वहीं सड़क के बारे में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के उपयंत्री दिनेश यादव ने बताया कि जन मन योजना के तहत सड़क बनाई जानी है, आज ही मौके पर मशीनें पहुंचाई हैं।

---

## हत्या के 8 दोषियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

न्यायालय अपर सत्र न्यायालय जिला अशोकनगर द्वारा गुरूवार को निर्मम तरीके से हत्या करने वाले 8 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। हत्या करने वाले इन आरोपियों में महेन्द्र पुत्र रामलाल अहिरवार, राजबाई पत्नि चरणसिंह अहिरवार, कमलाबाई पत्नि दिनेश अहिरवार, दिनेश पुत्र हल्कूराम अहिरवार, चरणसिंह पुत्र हल्कूराम अहिरवार,शारदाबाई पत्नि शिवसिंह अहिरवार, सभी निवासीगण ग्राम सेजी थाना शाढौरा जिला अशोकनगर के अलावा विनोद पुत्र अशोक अहिरवार निवासी ग्राम नेव करैया थाना आरोन जिला गुना और रविन्द्र पुत्र रामलाल अहिरवार निवासी पुरैनी थाना म्याना जिला गुना शामिल हैं। जिन्हें आजीवन कारावास एवं कुल 1500-1500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी के निर्देशन में अभियोजन का प्रभावी तरीके से संचालन किया गया। अभियोजन शाखा के मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि फरियादी शैलेश पुत्र निरपत अहिरवार उम्र 25 साल निवासी सेजी पठार ने सीएचसी शाढौरा में घायल अवस्था में जुबानी रिपोर्ट किया कि मैं ग्राम सेजी पठार पर अपने माता-पिता व परिवार के साथ रहकर मेहनत मजदूरी का काम करता हूं। हमारा, हमारे गांव की कपूरीबाई के परिवार से कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी जमीनी विवाद की रंजिश पर से दिनांक 02.11.2020 के शाम करीबन 5:45 बजे मैं, अपने पिता एवं माता के साथ घर के बाहर बैठकर बातें कर रहे थे उसी समय कपूरीबाई के परिवार के 7-8 लोग महिला व पुरूष अपने-अपने हाथों में लाठी, फरसा, बका, क्रिकेट बल्ला लेकर एकराय होकर जान से मारने की नीयत से आये। जिनमें चरण सिंह के हाथ में बका, दिनेश व महेन्द्र फरसा, रविन्द्र, कमलाबाई व शारदा बाई लाठियां राजबाई हंसिया एवं विनोद क्रिकेट का बल्ला लिये थे। जिन्होंने हमें घेर लिया व मेरे पिता निरपत को चरण सिंह ने जान से मारने की नीयत से हमला किया गया था। जिससे उनके सिर, हाथ, पैर व शरीर में जगह-जगह चोंटें आयी और खून निकल आया था। फरियादी अपने पिता को बचाने लगा तो उसे भी उक्त सभी ने जान से मारने की नीयत से फरसा, लाठी, डंडा व बका से मारपीट कर चोंटें पहुंचाई थीं। जिससे मुझे मेरे सिर, दोनों हाथों के पंजे, दोनों पैरों की जांघों में चोटें आई थीं। मौके पर 100 डायल पुलिस वाहन ने मुझे व मेरे पिता को अस्पताल शाढौरा लाई व पिता निरपत की उपचार के दौरान अस्पताल शाढौरा में मृत्यु हो गई।

---

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने सरदारपुर निवासी भूरी बाई नायक के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने सरदारपुर निवासी रानी नायक के पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। बहादुरपुर पुलिस ने विपिन केवट निवासी बरखेडा जमाल के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने ग्राम कर्र निवासी देवराज धानक के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

---

### सुधासागर महाराज ने अपने प्रवचनों के दौरान श्रद्धालुजनों को दिए ज्ञानोपदेश

# संसार में कोई एक भी स्थान नहीं जहां सिर्फ धर्मात्मा रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस संसार में एक भी स्थान ऐसा नहीं है जहां सिर्फ धर्मात्मा ही रहें, पापीयों के लिए सारा संसार पड़ा है। चारों तरफ पापीयों का राज्य है। ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां सिर्फ धर्मात्मा रहेंगे कोई पापी नहीं रह सकता। प्रकृति ने धर्मात्माओं के लिए कोई स्थान सुरक्षित किया ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि संसार ऐसा ही है जब किसी को संत बनने की प्रेरणा देते हैं तो सब असार बताते हैं संसार में कुछ नहीं रखा, सब छोड़ दें। भक्त ने वैराग्य धारण कर लिया फिर गुरु मौन हो गये जय श्री राम हो गया अब तो सिर्फ मौन हो गये दुनिया में कैसे जीना है इसकी कला सीखाई गई है। मैं सब कुछ करुंगा मुझे पाप का वंध नहीं होना चाहिए कीचड़ में तो रहुगा लेकिन जंग नहीं लगना चाहिए।

### दुनिया में यदि खोटा है तो चोखा होगा ही होगा

उन्होंने कहा कि दुनिया में यदि खोटा है तो चोखा होगा ही होगा। अपन कहें इतने साल धर्म करते हुए हो गये कोई शान्ति नहीं मिली। वर्षो से मन्दिर जा रहे हैं कुछ नहीं हुआ गुरुओं के पास गया कुछ भी नहीं मिला तो भी थकना नहीं है। कितना ही थक जाओ थककर बैठना नहीं है फिर उठो और खोज करने में लग जाओ। एक संकल्प कर लो मैं सत्य को खोजकर रहूंगा। हीरा कहा मिलता है कोयला की खान से निकाला जाता है जहां काला ही काला कोयला भरा पड़ा है उसके बीच में एक दम चमक दार हीरा मिला वह सबसे अच्छा माना जाता है।





### संसार में सबसे गंदा शरीर मनुष्य का होता है जहां भगवान बनने वाली आत्मा रहती है

उन्होंने कहा कि यह शरीर कैसा है इस शरीर में मल मूत्र भरा पड़ा है कैसे गन्दे स्थान पर आत्मा को रख दिया। सबसे अच्छा शरीर देवताओ का होता है और संसार में सबसे गंदा शरीर मनुष्य का होता है। इसमें आत्मा को रखा गया जो भगवान बन सकतीं हैं इसके लिए खोज जारी रखना पड़ेगा। हम धर्म करते हुए थक रहे हैं दया करने में थक गए हिंसा करने वाले भी सुबह उठते ही फिर युद्ध करने चले जाते हैं और तुम धर्म करते करते थक गए। नहीं थकना नहीं है। हम एक जीव को भी नहीं बचा पाये तो भी नहीं थकेगे पारसनाथ स्वामी अवधि ज्ञानी थे। सब जानते थे यह नाग नागिन इतने जल चुके थे कि यह बचेंगे नहीं फिर भी बचाने में लगे रहे डॉक्टर भी अंतिम श्वास तक प्रयास करता रहता है। यदि डॉक्टर एक मिनिट पहले भी मरीज़ को भगा दे तो एफआईआर हो सकती है डॉ अंतिम समय तक प्रयास करता रहता है इसलिए हमें थकान नहीं है।

### दुनिया भर से कोई भी व्यक्ति थूवोनजी का ट्रस्टी बन सकता है

इस अवसर पर क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद और प्रेरणा से इस तीर्थ को देशभर के ही नहीं दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले हमारे जैन बन्धु दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के ट्रस्टी बनकर कमेटी से जुड़ सकते हैं। आज भी ललितपुर जैन समाज के स्तंभ राजेन्द्रकुमार लल्लू भइया परम संरक्षक वन रहें हौ इस दौरान जैन समाज शाढ़ौरा दारा पूज्य श्री को श्री फल भेंट किये। इनका सम्मान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुखजनों द्वारा किया गया।

### अभयपुर गांव में अपराध विवेचना, स्मैकची को पकड़ने गई थी पचोर

# गलतफहमी का शिकार हुई पुलिस की टीम, ग्रामीणों ने किया हमला

## जिन स्मैकचियों को पकड़ना था उनकी जगह निर्दोष युवक को पकड़ा






हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत आ रहे गांव अभयपुर में एक अपराध की विवेचना और स्मैक कारोबारी को गिरफ्तार करने पहुंची पचोर पुलिस की टीम ने एक निर्दोष युवक को धर-दबोचा। इस युवक को कार में जबरन बैठाकर ले जा रही पुलिस टीम को ग्रामीणों व अज्ञात लोगों ने अपहरणकर्ता समझते हुए टीम पर हमला बोल दिया।

इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिनका ईलाज खिलचीपुर अस्पताल में चल रहा है। इसके साथ ही अज्ञात लोगों ने पुलिस टीम द्वारा लाई गई कार में भी तोड़फोड़ करते हुए उसके कांच फोड़ दिए। खबर लिखे जाने तक पूरे मामले में कार्यवाही जारी थी।

### क्या है पूरा मामला

सूत्रों के अनुसार पचोर थाने की पुलिस टीम में शामिल एसआई सुरेश मेवाडे, आरक्षक अरविंद गोयल एवं गौरव परमार गुरुवार दोपहर अभयपुर गांव में एक अपराध की जांच और किसी मुजरिम को पकड़ने गए थे। पुलिस की यह टीम विभागीय वाहन नहीं बल्कि एमपी-37 नबंर वाली कार से पहुंची थी। इसके साथ ही इन पुलिसकर्मियों ने वर्दी भी नहीं पहनी हुई थी।

टीम में शामिल पुलिसकर्मी जिस मुजरिम को पकड़ने आए थे उसकी बजाय गलतफहमी में पूरसिंह सौंधिया नाम के युवक को जबरन पकड़कर ले जाने लगे। पुलिसकर्मियों द्वारा झूमाझटकी एवं जबरदस्ती करते हुए जब पूरसिंह को अपने साथ कार में बैठाकर ले जाने की कोशिश की जा रही थी तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणजनों ने पुलिसकर्मियों को ऐसा करने से रोका। बात बड़ी और अपने गांव से निर्दोष युवक को ले जा रहे पुलिसकर्मियों से मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में पचोर थाने के आरक्षक अरविंद गोयल और गोरव परमार को चोंट आई जिन्हें घटना के बाद खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### मीडया से कुछ कहने से बचते नजर आए पुलिस अधिकारी

इस मामले में पचोर पुलिस पूरी तरह गलत थी और निर्दोष व्यक्ति को जबरन पकड़कर ले जा रही थी ऐसे में काफी समय तक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मीडिया को किसी भी तरह का बयान देने से बचते नजर आए। हरिभूमि ने इस संबंध में पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया को फोन लगाया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया। खिलचीपुर टीआई उमाशंकर मुकाती द्वारा भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

### यह भी रहा हमले का कारण

दरअसल, कुछ दिनों पूर्व अभयपुर गांव के आसपास से ही कुछ बदमाशों द्वारा एक युवक को अगवा किए जाने जैसी एक घटना हुई थी। ऐसे में इस मामले को भी ग्रामीणों ने वैसा ही समझा और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। हालांकि, किन व्यक्तियों द्वारा ऐसा किया गया है, उनके नाम खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आए थे।

### मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को पूर्ण करने में अब 7 दिन

# एसआईआर : जिले की 5 विधानसभाओं में 87 फीसदी कार्य पूर्ण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य अब तेज गति से होने लगा है। निवार्चन से जुड़ा यह अति महत्वपूर्ण कार्य गत 04 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के कुछ दिनों तक बीएलओ व अन्य कर्मचारियों को गणना पत्रकों के वितरण में लग गए। ऐसे में शुरूआत में राजगढ़ जिला एसआईआर कार्य में प्रदेश की अंडर फाइव जिलों की सूची में था। लेकिन, अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग एवं बीएलओ सहित इस कार्य से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा तन्मयता और लगन से काम करने के चलते पांचों विधानसभाओं को मिलाकर एसआईआर का लगभग 87 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। गुरुवार 27 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में जिले के कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 10 लाख 24 हजार 762 मतदाताओं के फाम्र्स डिजिलाईज्ड किए जा चुके थे। एसआईआर से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी सुबह से लेकर देर रात्रि तक इस काम में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि निवार्चन आयोग ने एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की हुई है। ऐसे में अब इस कार्य में एक हफ्ते का समय ही शेष बचा है।

### खिलचीपुर विधानसभा अभी भी अव्वल

एसआईआर कार्य के तहत सभी वोर्टर्स के गणना-पत्रकों के डिजीटाईलेजशन कार्य में जिले की पांचों विधानसभाओं में से खिलचीपुर विधानसभा अव्वल नबंर पर है। यहां करीब-करीब 93 फीसदी वोर्टर्स के गणना-पत्रकों को डिजीटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। खिलचीपुर के बाद सारंगपुर विधानसभा दूसरे नंबर पर है जहां लगभग 88 फीसदी एसआईआर पूरा किया जा चुका है।

## आईएएस वर्मा का विरोध लगातार जारी



**खुजनेर**। गुरुवार को समस्त ब्राह्मण समाज खुजनेर के तत्वाधान में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई कि कोई ब्राह्मण परिवार अपनी बेटी को मेरे बेटे को दान करें और मेरा बेटा उससे संबंध बनाएं ऐसे वक्तव्य की घोर निंदा करते हुवे विरोध में ब्राह्मण समाज के सभी सदस्य आज मंदिर श्री चरणदास जी पर एकत्रित होकर बाइक रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय खुजनेर पहुंचे जहां पर तहसीलदार मैडम को पै संतोष वर्मा के खिलाफ ज्ञापन सोपा गया एवं पै संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग की गई तथा साथ ही उचित दंडात्मक कार्रवाई करने की सरकार से मांग की गई एवं खुजनेर थाना प्रभारी टी आई साहब को ज्ञापन सौंपा गया तथा आई एस सन्तोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

## यात्री बस-ट्रैक्टर में भीषण टक्कर: दोनों के चालक गंभीर, बस में 30 यात्री थे



**सारंगपुर**। गुरुवार सुबह आगरादृमुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारंगपुर के समीप बड़ा सड़क हादसा हो गया। ग्वालियर से इंदौर जा रही पीतांबरा बस सर्विस की यात्री बस और एक ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार करीब 30 यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद हाइवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर तक यातायात बाधित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि झांसी से संचालित पीतांबरा बस कंपनी की यह बस भूराखेड़ी गांव के पास पहुंची ही थी कि चालक को अचानक नींद का झोंका आ गया। उसी समय खेत के रास्ते से मुख्य सड़क पर आ रहे एक आयशर ट्रैक्टर से बस की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर बीच से दो हिस्सों में टूट गया और बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक हरेंद्र अहिरवार, निवासी झांसी, के पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। वहीं बरूखेड़ी निवासी ट्रैक्टर चालक संतोष सिंह को सिर, हाथ और पैरों में गहरी चोटें आईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सारंगपुर सिविल अस्पताल से शाजापुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर मनोहरसिंह पटेल, निवासी बरूखेड़ी का था और वह खेत मार्ग से निकलकर हाइवे पर आ रहा था तभी तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। बस में सवार अन्य 30 यात्रियों को मामूली खरोंचें आईं। पुलिस टीम ने सभी का मौके पर ही प्राथमिक चेकअप करवाया और उन्हें दूसरी बस से इंदौर रवाना किया। हादसे के बाद हाइवे पर करीब आधे घंटे तक जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया।

### बोले जिम्मेदार

थाना प्रभारी हाड़ा ने बताया कि बस के अनियंत्रित होने और चालक की झपकी लेने के कारण हादसा हुआ। मामले में जांच जारी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर पंचनामा तैयार किया है।



## आईएएस वर्मा के विरोध में उठे स्वर

**माचलपुर**। ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के लिये गत दिवस भोपाल में आजक्स की आयोजित बैठक में सार्वजनिक रूप से आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कहा की जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान नहीं देगा या संबंध नहीं बनायेगा तब तक आरक्षण जारी रहेगा। उक्त वक्तव्य का पूरे प्रदेश में विरोध किया जा रहा है ,इसी तारतम्य में गुरुवार को सकल ब्राह्मण समाज द्वारा एक ज्ञापन पुलिस महानिदेशक के नाम का पुलिस थाने में पहुंच कर एएसआई समीर खान को सौंप और मांग की गई कि उक्त मनोविक्षिप्तता से ग्रसित संतोष वर्मा जैसे अधिकारी प्रशासनिक पद पर बैठ कर ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों के संदर्भ में अमर्यादित टिप्पणी की गई जो निंदनीय है और विकृत मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है अतः इस अधिकारी पर भारतीय दंड सहित की धारा के तहत कठोर कार्यवाही की जावे क्योंकि इनकी टिप्पणी ब्राह्मण समाज ही नहीं हर बहन बेटी का अपमान है। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि वर्मा का यहां बयान कुंठित मनोभाव उनकी अपेक्षित निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह है ऐसा व्यक्ति प्रशासनिक व्यवस्था को कलंकित करता है और बहन बेटियों को वस्तु मानता जिससे सभ्य समाज में इस विकृत मानसिकता वाले अधिकारी की कोई जगह नहीं है। थाने में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग आक्रोश था और नारे बाजी कर रहे थे इस अवसर बालमुकुंद सराफ, राजेंद्र सिंह मंडलोई,प्रकाश नागर,ब्रजभूषण त्रिवेदी, भेरूसिंह मंडलोई, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद थे।

## वीआईटी विवाद के चलते अभाविप ने किया पुतला दहन

**सारंगपुर**। वीआईटी भोपाल में निम्न-स्तरीय भोजन व खराब पेयजल की आपूर्ति को लेकर छात्रों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। बीती रात छात्रों ने मेस एवं हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विरोधरत छात्रों का कहना है कि पिछले कई दिनों से परोसा जा रहा भोजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जिसके चलते कई विद्यार्थियों में जॉन्डिस जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। कुछ छात्रों की स्थिति गंभीर होने की आशंका ने भी माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया है।छात्रों ने आरोप लगाया कि समस्या उठाने पर प्रशासन ने उन्हें दबाने का प्रयास किया और विरोध को भांपते ही अचानक विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया। विद्यार्थियों का कहना है कि यह कदम असंतोष को शांत करने के बजाय मामले को टालने का प्रयास है, जो अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है।

## सारंगपुर पुलिस की सक्रियता बड़ी सफलता, ब्यावरा लूट कांड के आरोपी धर-दबोचे



**सारंगपुर**। बुधवार शाम को एक बुजुर्ग के साथ ब्यावरा में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात में शामिल दो आरोपी को सारंगपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की तीव्र कार्रवाई और सतत निगरानी के चलते आरोपी पुलिस के हाथों से बच नहीं सके। आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बेझिझक नंगे पैर दौड़कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की इस तत्परता, साहस और व्यावसायिक दक्षता की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्यावरा थाना अंतर्गत एक 60 वर्षीय बुजुर्गों के साथ दो युवकों ने लूट की घटना को अंजाम दिया और आरोपी सारंगपुर की तरफ भागे सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने टीम के साथ त्वरित घेराबंदी की। आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन दृढ़ संकल्प और तेजी दिखाते हुए थाना प्रभारी हाड़ा ने कुछ दूरी तक नंगे पैर दौड़कर आरोपी को पकड़ लिया। इस कार्रवाई ने टीम भावना और महिला नेतृत्व की मजबूत भूमिका को भी रेखांकित किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को विधिवत पूछताछ व आवश्यक कार्रवाई के उपरांत ब्यावरा थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अन्य नाम और संभावित सहयोगी भी सामने आने की संभावना है, जिसके आधार पर आगे की जांच जारी रहेगी। सारंगपुर पुलिस की इस सक्रियता ने एक बार फिर साबित किया है कि अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, पुलिस की तत्परता और मजबूत रणनीति से अपराधी कानून के शिकंजे से भाग नहीं सकता। नगर के नागरिकों ने भी थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और पुलिस टीम के साहसिक कार्य की सराहना व्यक्त की है।

### निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं की पहल

## जरूरतमंदों के लिए स्कूली बच्चों ने एकत्रित किए गर्म कपड़े

**राजगढ़**। जिले में हल्की शीतलहर और ठंड का लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसी को देखते हुए स्थानीय स्कूल के बच्चों ने जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद करने स्वयं एवं परिवारजनों से एकत्रित नए एवं कुछ गर्म कपड़े, स्वेटर, जॉकेट इत्यादि संस्था में लाकर जमा करवाए। शाला संचालक राकेश पांडे ने बताया कि बच्चों द्वारा लाए गए इन गर्म कपड़ों को ग्रामीण क्षेत्र, सराय, प्रतीक्षालयों सहित अन्य स्थानों के जरूरतमंद व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा ताकि वे भीषण ठंड का सामना कर सकें। स्कूली बच्चों का यह प्रयास ठंड के मौसम में लगातार चलता रहेगा। स्कूल संचालक श्री पांडे ने इस मानवीय एवं पुनीत कार्य के लिए सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की इस प्रकार से मदद करने का कार्य करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में इस उम्र से ही सेवाभाव और मानवीय संस्कारों के बीज बोने से आगे जाकर बच्चे समाजसेवा और राष्ट्रसेवा के मजबूत स्तंभ बन सकेंगे। वस्त्र दान करने वाले विद्यार्थियों में साक्षी वर्मा, तनिष्का दुबे, महविश हुसैन, सुहाना कोकाशिया, आलिया हाशमी, अश्मीरा हाशमी, नमन उपाध्याय, कनक मेवाड़े, ट्विंकल विश्वकर्मा, संस्कार गौड़, नीलांश विश्वकर्मा, आराध्या उपाध्याय, निशांक विश्वकर्मा एवं नक्श उपाध्याय शामिल हैं।

## गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया



**ब्यावरा**। सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में आज गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनसमूह ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्र, धर्म और मानवता के प्रति प्रेरणा का संदेश देना रहा।

## जेसीबी से पुष्प वर्षा कर किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत



**कुरावर**। गुरुवार को सुबह पीलूखेड़ी बस स्टैंड पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का प्रथम बार नरसिंहगढ़ आगमन पर विधायक मोहन शर्मा एवं जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जेसीबी से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उसके बाद लगभग 400 गाड़ियों के चार पहिया वाहन के काफिले के साथ नरसिंहगढ़ में होने वाली एसआईआर की जिला कार्यकारिणी की बैठक शामिल होने के लिए रवाना हो गए। उनका स्वागत ग्राम बड़नगर, माना, बिजोरी, झाड़ला , जमुनिया गोप चैहान, तीज बड़ली हनुमान मंदिर, साका श्याम जी, सराना, बड़ोदिया तालाब, एवं बोड़ा बायपास मार्ग पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीण जनों ने उनका जगह-जगह स्वागत किया।

## जनसंपर्क विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पेन डाउन हड़ताल पर, अपनी मांगें उठाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मप्र जनसंपर्क विभाग में राज्य प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी की पदस्थापना को लेकर मप्र जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों में खासा रोष व्याप्त है। दरअसल गत दिवस शासन ने आरएएस अधिकारी गणेश जायसवाल को जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक के रूप में पदस्थ किया है। जबकि, विभाग में ही कई ऐसे अधिकारी है जिन्हें जनसंपर्क विभाग में कार्य करते-करते सालों बीत चुके हैं लेकिन उन्हें छोड़कर अन्य अधिकारी को अपर संचालक बना दिया गया। इस निर्णय के विरोध में राजगढ़ सहित प्रदेशभर के जनसंपर्क दफ्तरों के अधिकारी, कर्मचारियों ने गुरुवार से पेनडाउन हड़ताल शुरू की है। विभागीय संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तकश्री जायसवाल की पदस्थापना संबंधी आदेश को निरस्त नहीं किया जाता, तब तक सभी अधिकारी-कर्मचारी कलम बंद रखेंगे और नियमित कार्य बाधित रहेंगे।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री जो स्वयं जनसंपर्क विभाग के मंत्री भी हैं, को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए आदेश को वापस लेना चाहिए। उनका मत है कि विभाग की संवैधानिक और प्रशासनिक गरिमा बनाए रखने के लिए गणेश जायसवाल की नियुक्ति संबंधी आदेश रद्ध करना अत्यावश्यक है।

### प्रजापिता ब्रहाकुमारी संस्था ने आयोजित किया तीन दिवसीय

# जेल के बंदियों को बताए जीवन में परिवर्तन में लाने टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों की तनाव मुक्ति एवं उनके हृदय परिवर्तन के लिए प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिवस खुशी महोत्सव, द्वितीय दिवस आनंद महोत्सव एवं तृतीय दिवस परिवर्तन महोत्सव के तहत बंदियों में तनाव मुक्ति, जीवन में शांति एवं जीवन की दिशा बदलने संबंधी बातें उन्हें बताई गईं।

खुशी महोत्सव के तहत सुख को जीवन में आने दो विषय पर बोलते हुए राजयोगिनी सुरेखा दीदी ने कहा कि हमें अपनी खुशी के लिए दूसरों की खुशियां छीनने का कोई हक नहीं है बल्कि दूसरों की खुशियों में हमें भी खुश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति एक ही ईश्वर की संतानें हैं और पूरा विश्व हमारा परिवार है। ऐसे में अब हम सबको मिलकर इस दुनिया को एक सुंदर सतयुगी दुनियां बनानी है। ऐसी दुनिया जिसमें कोई दुखी न हो, कोई बीमार न हो। इसके लिए हमें अपनी आदतों को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प से श्रृष्टि रची गई तो पहले हमें अपने संकल्प का परिवर्तन करना होगा और सभी के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार रखना पड़ेगा। सभी को एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलना है।

सदैव एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलें

राजयोगिनी दीदी ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे का सहयोगी बनकर चलना चाहिए। हम सभी इस श्रृष्टि रूपी रंगमंच के कलाकार हैं जहां हम अलग-अलग रोल निभा रहे हैं। इस रंगमंच के डायरेक्टर स्वयं परमात्मा हैं। इसीलिए जीवन में आने वाली हर समस्या, स्थितियों से सीख लेकर आगे बढ़ते रहना चाहिए।